## संक्षिप्त

### रोटरी क्लब ने बांस के ट्री-गार्ड लगाये

बूंदी । विगत् कुछ वर्षों से रोटरी क्लब बून्दी द्वारा शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सानिध्य में दधिमति माताजी मंदिर के सामने वन विभाग की चौकी से लेकर फूलसागर मोड़ तक सडक के दोनों ओर कई पौधे लगाये गये है जो अब पेड़ का आकार लेने लगे है इन पौधो से साथ लोहे की जाली के ट्री-गार्ड लगवा कर सुरक्षा की गई थी परन्तु इनकों हर वर्ष अज्ञात लोग ले जाते है इसके मद्देनजर इस वर्ष नवाचार करते हुऐ बांस की ईको-फ्रेंडली ट्री-गार्ड बनवाये गये है ताकि पौधों की सुरक्षा भी रहे और चोरी का डर भी खत्म हो। क्लब सचिव जगदीश मंत्री ने बताया कि इसी क्रम में हर वर्ष के भाँति रविवार 10 अगस्त को हनुमतधाम शक्करगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक महामण्डलेश्वर स्वामी जगदीश पुरी जी के मुख्य आतिथ्य में क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच के नेतृत्व में शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं के साथ वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा एवं वर्ष भर की जिम्मेदारी का दायित्व प्रदान किया जावेगा। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर चन्द्रभानु लाठी एवं सुरेश जागेटिया रोटरी क्लब सहित सभी संस्थाओं के सदस्यों को कार्यक्रम में सम्मिलित रहने के लिए संपर्करत है।

### स्वच्छता की शपथ ली

बूंदी। "हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता" अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बून्दी द्वारा मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र नगर परिषद कुंभा स्टेडियम बून्दी में स्वयं सहायता समूहों द्वारा रंगोली बनाकर स्वच्छता की शपथ ली। समूह की महिलाओं के द्वारा तिरंगा झण्डा बनाया गया एवं अभियान के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को नगर परिषद बून्दी में अमृत मित्र योजना अन्तर्गत में स्वीकृत 18 पार्कों में पौधा रोपण व दो वर्ष तक रखरखाव कार्यों के कार्यादेश सरोज अग्रवाल सभापति नगर परिषद बून्दी व धर्मेन्द्र कुमार मीणा कार्यवाहक आयुक्त द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 2ाालिनी जैन जिला परियोजना अधिकारी व दिनेश कुमार मीणा, सहायक अभियंता मौजूद रहे।

### एसपी से शिष्टाचार भेंट

कोटपूतली। तहसील ब्राह्मण सभा (ब्राह्मण समाज) के शिष्टमंडल ने अध्यक्ष नवरत्न शर्मा के नेतृत्व में नवपदस्थापित एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई से उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर एसपी का माला व साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। अध्यक्ष नवरत्न शर्मा ने आगामी 24 अगस्त को प्रस्तावित तहसील ब्राह्मण सभा के प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करने का आग्रह किया। महामंत्री वी के नवल ने बताया कि शिष्टमण्डल में संरक्षक किशोरी लाल शर्मा, पं. सूर्यकांत शर्मा, सुभाष चंद शर्मा, पार्षद मनोज गौड़, नंदलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, सुन्दरलाल शर्मा, विक्रम शर्मा, आशु शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, रमेश शर्मा, युवा नेता नरेश शर्मा, चेतन शर्मा, योगेश शास्त्री, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहें।

### शिक्षक समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पावटा । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा पावटा द्वारा रतन सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए जिला सभाध्यक्ष गजानंद टीलावत ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कई बार सरकार को अवगत करवाने के पश्चात भी ठोस कदम नहीं उठाये गये।

संघ ने मांग की है कि शिक्षा विभाग में समस्त संवर्गों के स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। शिक्षकों के सभी स्तर की पदोन्नितयां लंबित हैं, समयबद्ध कार्यक्रम तय कर शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण हो। न्यायालय में लंबित तृतीय वेतन श्रंखला के शिक्षकों की पदोन्नित पर विधि एवं शिक्षा विभाग को त्वरित निस्तारण करवाने के निर्देश प्रदान किए जाए। राज्य के सभी विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरा जावे। शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षिणक कार्य से मुक्त किया जावे एवं ऐसे कार्य जो शिक्षण व्यवस्था से संबंधित नहीं है में न्यूनता रहने पर शिक्षकों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावे। छठे एवं सातवें वेतन आयोग की मनसानुरूप वेतनमान देकर तृतीय श्रेणी एवं प्रबोधकों की वेतन विसंगति को दूर किया जावे। इस अवसर पर उपशाखा अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत, रतनलाल आर्य, डॉ मनोज कुमार शर्मा, नवीन कुमार रूंडला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# 'तिरंगा यात्रा से देश भक्ति की भावना को प्रवाहित करना है'

■ टोंक में भाजपा कार्यालय पर हर घर तिरंगा कार्यशाला प्रभारी संजय जैन के मार्गदर्शन में हुई

टोंक। मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर हर घर तिरंगा एवं विभाजन विभीषिका को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला अभियान के प्रभारी संजय जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि 10 अगस्त से 14 अगस्त के बीच भाजपा के प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी एवं 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका का दंस आमजन को बताया जाएगा। अभियान प्रभारी संजय जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश भक्ति की भावना को प्रवाहित करना है एवं देश के बंटवारे के दंस को आमजन को बताना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पास देश में ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं। आज दुनिया के कई देश भारत के पीछे खडे हैं, सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से हर घर तिरंगा अभियान में जुड जाएं और इसे एक जनआंदोलन का रूप दें। इसी प्रकार बैठक में निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। जैसे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल किया है, वैसे ही "हर घर तिरंगा" अभियान को भी जन-जन से जोडने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, गणेश माहुर, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,यात्रा जिला संयोजक व जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया,विष्णु शर्मा,संत कुमार जैन,पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी,यात्रा जिला सह संयोजक व जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, राजेश शर्मा, राजेन्द्र राणावत,रमाकांत शर्मा, ममता जाट,प्रधान काबरा, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे,जिला मंत्री तरुण टिक्किवाल, बिना छामुनिया,नीलिमा आमेरा, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा,प्रवक्ता विजय मालवानी, रत्तीराम पहाड़िया,शिवसिंह मीणा, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल के पास शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

टोंक । पीपलू क्षेत्र की ग्राम पंचायत बगड़वा के गुडारामदास ग्राम में सालों से चल रही अवैध शराब की दुकान को हटाने के लिए ग्रामीणो ने नायब तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा बाद में नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि गांव में सालों से आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध शराब की दुकान उच्च प्राथमिक स्कूल के पास चल रही है, जहां शराबी दिनभर शराब पीकर हंगामा करते हैं। शराब पीकर कई युवक घर वालों के साथ मार-पीट कर गाली-गलौज करते हैं तथा शराब पीने से गांव के कई युवाओं की समय से पहले मौत हो गई। ऐसे में शुक्रवार को बडी संख्या में ग्रामीणो ने रानोली उपतहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर इस अवैध शराब की ब्रांच को बंद करने की मांग की गई। ग्रामीणो ने बताया कि पहले भी अवैध ब्रांच की शिकायत जिला कलेक्टर से भी गई थी, उसके बाद कुछ दिन ये अवैध शराब की दुकान बंद हो गई थी, लेकिन फिर कछ ही दिन बाद वापस धडल्ले से अवैध शराब की दुकान खुल गई। इसकी शिकायत आबकारी अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# कस्बा पावटा में सड़क पर फेंका कचरा

पावटा। कस्बा पावटा अन्तर्गत जाने वाली नहर पर ठेकेदार द्वारा नहर की सफाई के बाद मलवे को जगह जगह सड़क पर फेंक दिया गया जिससे वाहन चालकों, राहगीरों व ग्रामीणों का सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है । मालूम हो नहर विभाग द्वारा फेंके गए कूड़े और गंदगी से तमाम बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। नहर विभाग की यह घोर लापरवाही है सरकार की स्वच्छता अभियान की नहर विभाग के ठेकेदार और जेई मिलकर पलीता लगा रहे हैं। नहर विभाग द्वारा जेसीबी लगाकर नहर की सफाई की जा रही है। नहर से निकलने वाला बदबूदार कचरे को कुनेड रोड पर ही फैला दिया जा रहा है। जिसे अगल-बगल रहने वाले लोगों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। साथ ही बदबूदार कचरे के बदबू से रहना मुश्किल हो गया है। जिस रास्ते पर नहर का गंदा कचरा फेका गया है, उस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में गाड़ियां गुजरती हैं। साथ ही स्कूल आने- जाने वाले बच्चे भी इसी मार्ग से होकर विद्यालय जाते हैं। अगल-बगल के घरों का गंदा पानी नहर में गिरने से सफाई के वक्त जो कचरा निकलता है काफी बदबूदार होता है, जो बहुत तेज बदबू देता है। जिससे अगल-बगल स्थित घरों में रहना मुश्किल हो जाता है।

## हेल्पलाइन 139 डायल कर रेल यूजर्स ले रहें रेलवे की सहायता

■ कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया

फुलेरा । रेलयात्रियों और आम लोगों के लिए प्रारंभ की गई रेल मदद हेल्पलाइन 139 एकीकृत सेवा उपयोगी साबित हो रही है। कोई भी व्यक्ति इस सेवा का अपने मोबाइल से उपयोग कर रेलवे से जुड़ी मूलभूत सहायता ले रहा है।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर पूजा मित्तलने बताया की रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 यात्रीयों व आम लोगों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा प्रारंभ की गई वह महत्वपूर्ण सेवा है जो प्रयोगकर्ता को किसी भी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आवागमन की स्थिति बताने के साथ-साथ बर्थ की उपलधता, आरक्षित टिकट की स्थिति,किराया और ट्रेन की लाइव स्थिति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाती है। इसके अतिरिक्त यात्रा के दौरान भी कोई यात्री 139 सेवा का उपयोग करके न सिर्फ मेडिकल हेल्प, सुरक्षा, सतर्कता, साफ सफाई, कैटरिंग, फ्रेट अथवा पार्सल से जुड़ी जानकारियां भी ले सकता है। इस हेल्पलाइन नंबर की सबसे अच्छी बात है कि कोई भी व्यक्ति इसे डायल कर सकता है और यह केवल स्मार्टफोन तक ही सीमित नही है। इसलिए प्रत्येक मोबाइल यूजर्स को यह नंबर सेव करना चाहिए। जयपुर मंडल पर जुलाई माह में रेल मदद द्वारा 8811 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका औसतन 29 मिनट में निस्तारण किया गया। 8811 शिकायतों में से मंडल से संबंधित 3465 शिकायतों का निस्तारण कर अन्य 5346 शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित मंडल को भेजा गया। साथ ही जयपुर मंडल के डीआरएम रवि जैन नें वॉर रूम का निरीक्षण कर यात्रियों की शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

# फुलेरा में रेलवे पेंशनर्स सम्मानित, नई नीतियों की जानकारी दी

फुलेरा । रेलवे पेंशनर सोसायटी के तत्वावधान में शुक्रवार को निजी मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह शाखा अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक रहें जबकि विशिष्ट अतिथि रेलवे पेंशनर सोसायटी के

■ कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया



सम्मान समारोह के दौरान रेलवे पेंशनर सोसायटी के सदस्यगण ।

सचिव लालचंद कुमावत, कोषाध्यक्ष सीपी त्रिपाठी, दिनेश शर्मा, महेशसहाय शर्मा, सत्यनारायण सैनी रहें। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया, उसके बाद कोषाध्यक्ष सीपी त्रिपाठी ने नवीन सदस्यों को सोसायटी की रीति नीति से अवगत करवाया साथ ही पेंशनर के हितों की रक्षा के लिए सोसायटी की ओर उठाएं गये कार्यों की जानकारी मुहैया कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान सोसायटी के सचिव लालचंद कुमावत का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे पेंशनर सोसायटी के श्यामलाल सैनी, शेष नारायण सैनी, एमके वर्मा, एएस महरोत्रा, रमेशचंद्र कुमावत, गिरधरगोपाल बूमरा, नेमीचंद, औमप्रकाश कारडिया, सुमित्रा नाथावत, राजकुमार सिंह, रमेशचंद शर्मा, राजेश कुमार, दयाल दास, रामप्रसाद कुमावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पोस्टर विमोचित

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्रीगणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, शहरवासी गणेशभक्तों के सहयोग से आयोजित किए जाने वाले श्रीगणेश महोत्सव 2025 के रजत जयन्ती समारोह के पोस्टर का विमोचन भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में जयपुर बाईपास स्थित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक के निवास पर किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर एवं सभापति शिवरतन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि धार्मिक आयोजनों से आमजन में संस्कार, आपसी सद्भाव को बढावा मिलता है और श्रीगणेश महोत्सव से गणपति बप्पा का आगमन शहरवासियों के लिए खुशहाली, सम्पन्नता, अमन-चैन का आशीर्वाद देने वाला होगा।

# हर हर महादेव के जयकारों के साथ धूमधाम से निकली कावड़ यात्रा

■ रामेश्वर महादेव पहुंच कर 51 कावड़ियों ने किया महादेव का जलाभिषेक

■ 51 कावड़ियों के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु रामेश्वर महादेव तक अपनी पदयात्रा पूरी कर महादेव का जलाभिषेक किया।

बूंदी। हर वर्ष की भांति रेतवाली महादेव से रामेश्वर महादेव तक शिव कीर्तन मंडल व शिव महिला मंडल की 19 वीं कावड़ यात्रा शुक्रवार को निकाली गई। संरक्षक शोभाराम गुलाबवानी ने बताया कि हर वर्ष रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व शिव कीर्तन मंडल व शिव महिला मंडल द्वारा रेतवाली महादेव मंदिर लंकागेट से रामेश्वर महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली जाती हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा में 51 कावड़ियों के साथ सैंकड़ों श्रद्धालु रामेश्वर महादेव तक अपनी पदयात्रा पूरी कर महादेव का जलाभिषेक किया। मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी ने बताया कि शिव कीर्तन मंडल व शिव महिला मंडल की यह 19 वीं कावड़ यात्रा है। सुबह रेतवाली महादेव की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। कावड़ यात्रियों का भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, अरबन बैंक चेयरमैन सत्येश शर्मा , भाजपा नेता भरत शर्मा, पंडित ज्योति शंकर शर्मा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। यात्रा में शामिल सभी 51 कावंड़ यात्रियो ने रामेश्वर महादेव पहुंच कर अपने कलशों में भरे गंगा जल से रामेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया । कावड़ यात्रा लंकागेट रेतवाली महादेव से शुरू होकर सूर्यमल मिश्रण चौराहा, सब्जी मंडी रोड, कोटा रोड ,एक खंभे की छतरी, अहिंसा सर्किल ,इंदिरा मार्केट ,चौगान गेट ,चौमुखा बाजार, चूड़ी बाजार ,मोची बाजार ,कागजी देवरा, बड़ा रामद्वारा ,जेतसागर रोड, दलेलपुरा होते हुए रामेश्वर महादेव पहुंची ।

## एसपी का स्वागत

कोटपूतली। सैनी विकास संगठन (रजि.) के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को अध्यक्ष बबलू बबेरवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई से शिष्टाचार भेंटकर उनका माला पहनाकर, गुलदस्ता व महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर सैनी समाज के आगामी 02 नवम्बर को प्रस्तावित 06 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी दी गई। साथ ही जिले की कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रधान संरक्षक सेवानिवृत शिक्षा उपनिदेशक देवीसहाय सैनी, संयोजक रामचन्द्र सैनी, संरक्षक रामावतार मिस्त्री, रामस्वरूप सैनी, उपाध्यक्ष सुंदरलाल सैनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सैनी, सन्तोष कुमार सैनी, रामसिंह सैनी, संजय दहिया, दाताराम सैनी समेत अन्य मौजूद रहें।

## सार-समाचार

### रक्षा बंधन पर बाजारों में जमकर हुई खरीददारी



सांभरझील, (निसं)। रक्षाबंधन के पर्व के मौके पर सांभर के अनेक बाजारों में सुबह से ही देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। मिष्ठान भंडारों, फल वालों की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। रक्षा सूत्र, नारियल आदि सामठाी भी बहनों ने खरीदी। इसी क्रम में एक दिन पहले विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहनी बहनों के द्वारा रक्षाबंधन सूत्र मनाया गया। बहनों ने पुलिस थाना स्टाफ सहित थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव के भी रक्षा सूत्र बांधकर बांधा। सभी ने बहनों को आशीर्वचन दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सेवा कार्य प्रमुख जोनी चावला, वीनू सैनी, सुनीता अठावाल, सलोनी मालाकार, हर्षिता वंशिका की मौजूदगी रही।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्राचार्य ने कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत करते हुये बताया कि समाज में महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के लिए इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं मानसिक, शारीरिक व भावात्मक रूप से सशक्त बने। जिससे छात्राओं में आत्मविष्वास एवं सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो सके। मास्टर ट्रेनर कृष्णा देवी व सीमा देवी ने आत्मरक्षा की आवश्यकता पर सामूहिक चर्चा करते हुए आत्मरक्षा की उपयोगिता एवं व्यवहारिक जीवन में उसकी कियान्वति से अवगत कराया। बेसिक वार्मअप तकनीकी में जोगिंग, जम्पिंग जैक, बॉडी ट्रिविस्ट, सोल्डर रोल, लैग्स स्विंग्स, हल्की स्ट्रैचिंग, मार्शल आर्ट आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्मअप को धीरे-धीरे शुरू करें। साथ ही मासपेशियों एवं जोड़ों को लचिला बनाने के लिए वार्मअप जरूरी है। उन्होनें छात्राओं को राजकोप नीड हेल्प सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर इस पर अपनी शिकायत दर्ज करने का तरीका भी बताया। डॉ. कमलेश यादव ने अतिथियों का स्वागत कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यकम अधिकारी डॉ. रीतिका जैन ने रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र के बारे में बताते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संकाय सदस्य एवं छात्रायें मौजूद रहें।

### कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

कोटपूतली। राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में शुक्रवार को सैक्टर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर नर्मदा प्रसाद अहिरवार, भगवान सिंह बाबा, एड. प्रेम बारूपाल, हनुमान सहाय जगवाल, जिलाध्यक्ष दीवान चंद जोया, जिला प्रभारी दीपचंद आर्य आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि बसपा अपने सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के अंबेडकरवादी सिद्धांत व नीति पर चलने वाली पार्टी है। प्रदेशाध्यक्ष प्रेम बारूपाल ने सामाजिक न्याय, दलित उत्थान, बहुजन एकता पर जोर देते हुये संगठन को और मजबूती देने का आह्वान किया। भगवान सिंह बाबा, अजीत कुमार दौचानिया, पंकज दौचानिया, अशोक कुमार दौचानिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान बलवंत सिंह रेवाला, ओमप्रकाश बागोतिया, हजारी लाल, बनवारी लाल रजक, शशिकांत शर्मा, धर्मचंद सैनी, कैलाश मोरोड़िया, प्रमोद सिरोहीवाल, सरदार सिंह, मुकंदराम दौचानिया, राजेश वर्मा, धनपत गोठवाल, रोहिताश वाल्मीकि, धर्मपाल आर्य, जगदीश आर्य समेत अन्य मौजूद रहें।

### ब्याज में राहत दी

टोंक। जिला सहकारी भूमि विकास बैंक टोंक ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 में किसानों को बड़ी राहत दी है, जिसके अन्तर्गत भूमि विकास बैंक के सचिव रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि योजना के तहत जिले के 275 ऋणियों ने 2 करोड़ 80 लाख रुपये जमा करवाए है। जिसमें से ऋणियों द्वारा राशि जमा कराने पर बैंक ने 5 करोड़ 70 हजार रुपये की ब्याज राहत प्रदान की है। उन्होंने बताया कि ऋणी किसान मूलधन राशि जमा करवाकर ब्याज में छूट का शत प्रतिशत लाभ उठा सकते है।

### नवीन कार्यकारिणी घोषित

कोटपूतली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटपूतली नगर ईकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा शुक्रवार को बड़े ही उत्साह एवं संगठनात्मक गरिमा के साथ की गई। इस दौरान जिला संगठन मंत्री हेमन्त शर्मा का प्रवास रहा। बैठक का शुभारंभ परिषद गीत एवं द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। जिला प्रमुख अशोक चौहान ने पूरानी कार्यकारिणी का खंडन किया एवं सर्वसम्मति से विमल यादव को नगर अध्यक्ष एवं करण सवाईका को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। जिला संयोजक सचिन भरगड़ ने नगर सहमंत्री सचिन मुक्कड़, एसएफडी संयोजक हर्षित सोनी, महाविद्यालय संयोजक राधे नैनावत, नगर एसएफएस संयोजक राजेश गुर्जर, सोशियल मीडिया साहिल कुमार, छात्रावास संयोजक विकास गुर्जर, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अंकित रावत, पलक्षी मिश्रा को नियुक्त किया।

# विचार गोष्ठी में संस्कृत के प्रभाव विषय पर विचार विमर्श




कोटपुतली के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया।

■ कोटपूतली । यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय समाज और संस्कृतिं पर संस्कृत का प्रभाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कोटपूतली । यहां के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय समाज और संस्कृतिं पर संस्कृत का प्रभाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि संस्कृत भाषा संमस्त भारतीय भाषाओं की जननी है। इसलिय भारतीय ज्ञान परम्परा को सुदृढ करने के लिय संस्कृत भाषा को अधिक से अधिक अपनाना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो. प्रभात शर्मा ने भारतीय संस्कृती एवं ज्ञान परम्परा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वेदां से लेकर वर्तमान भारतीय ग्रंथों की रचना में संस्कृत का अमुल्य योगदान होने के कारण संस्कृत को देव भाषा का दर्जा दिया। एनएसएस संयोजक प्रो. सज्जन सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एनएसएस जिला समन्वयक अशोक सिंह, कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार, जितेन्द्र कुमार समेत संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें व एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## 'तिरंगा अभियान में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता हो'

अलवर । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में 'हर घर तिरंगा अभियान' के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार हर घर तिरंगा अभियान की गतिविधियां प्रत्येक गांव से वार्ड तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान के तीनों चरणों को प्रभावी तरीके से जन-जन तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की सफल क्रियान्वित सुनिश्चित करावें। उन्होनें निर्देश दिए कि सभी राजकीय कार्यालयों एवं शैक्षिणक संस्थानों में झंडारोहण एवं सजावट सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करावें। साथ ही तिरंगा सेल्फी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर तस्वीरे पोर्टल पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने जिला परिषद के सीईओ एवं नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया।

# रात्रि चौपाल में रास्ते की समस्या, पेयजल आपूर्ति पर चर्चा की

■ टोंक कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दाखिया में रात्रि चौपाल आयोजित की गई, जिसमें रास्ते की समस्या, पीएम आवास में नाम जेडने, पेयजल आपूर्ति,

टोंक। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दाखिया में रात्रि चौपाल आयोजित की गई, जिसमें रास्ते की समस्या, पीएम आवास में नाम जेडने, पेयजल आपूर्ति, मोती सागर बांध की नहरों की सफाई करवाने जैसी समस्याएं हेतु टोंक उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया को विभागों से समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने संवेदनशीलता से ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करें, और पात्र लोगों को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी के रात्रि चौपाल में नहीं आने को गंभीरता से लिया और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्यालय की पीईईओ अनिता जांगिड़ एवं आंगनबाड़ी की महिला सुपरवाइजर से ग्राम पंचायत में जर्जर भवनों तथा मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी ली। रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करवाएं जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान तहसीलदार मानवेंद्र जायसवल, विकास अधिकारी सविता राठौड़, एडीईओ चौथमल चौधरी, सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी जिला कलेक्टर के निजी सहायक मुकेश चौधरी समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दाखिया में रात्रि चौपाल आयोजित की गई, जिसमें रास्ते की समस्या आदि के सम्बंध में चर्चा की।